(ii) जनजातीय क्षेत्रों में सभी एक्सचेंजों को आटोमेटिक बनाना ।

(iii) प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक टेलीफोन प्रदान करना ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के मसौदे के अनुसार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और बिहार के जनजातीय क्षेत्रों में जो दूर संचार सुविधाएं देने का प्रस्ताव है, उनका संक्षिप्त विवरण निम्न नुसार है :--

क्र०सं०	मद	उड़ीसा	मध्य प्रदेश	बिहार
1.	निवल स्थानीय स्विचन क्षमता	21150	52000	19100
2.	सीधी एक्सचेंज लाइनें	14800	41700	18500
3.	लम्बी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन	प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक		

केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत मध्य प्रदेश को अनुदान

744. **श्री अजीत जोगी** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 3 अक्तूबर, 1989 को केन्द्र सरकार के पास वर्ष 1989-90 तथा आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिये 92.83 करोड़ रुपये के प्रस्ताव भेजे गये हैं ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश शासन द्वारा 500 व अधिक जनसंख्या वाले आदिवासी ग्रामों को सुरक्ष मार्गों से जोड़ने के लिए प्रस्ताव भारत सरकार की स्वीकृति/वित्तीय सहायता हेतु भेजा है ;

(ग) मध्य प्रदेश शासन को उक्त राशि उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा कब तक निर्णय लिया जायेगा और यह राशि कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी, और

(घ) क्या 500 से कम जनसंख्या वाले आदिवासी गांवों को भी सड़कों से जोड़ने के बारे में केन्द्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव है ?

जल संसाधन मंत्री, साथ में जल-भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री मनुभाई कोटाड़िया) : (क) जी हां ।

(ख) ग्रामीण विकास विभाग को, जो कि नोडल मंत्रालय है, ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है, तथापि, वे आदिवासी ग्रामों को जोड़ने के लिए कोई योजना नहीं चला रहे हैं ।

(ग) चूंकि केन्द्रीय सड़क निधि में वास्तविक वृद्धि, जिसके आधार पर प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे, अभी नहीं हुई है, इसलिए इन प्रस्तावों पर अनमोदन के लिए कार्यवाही नहीं की गई है ।

(घ) जी, नहीं ।

मध्य प्रदेश में सड़क विकास के लिये विश्व बैंक सहायता

745. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सरकार की इस वर्ष सडक विकास के लिये विश्व बैंक से कुल कितनी ऋण सहायता प्राप्त होने की संभावना है ;